नगर निगम सभागृह में गणेश पर्व... पृष्ठ 2 | सेवानिवृत होने पर मंडावी को... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


गुरूवार, 05 सितंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 322, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# छत्तीसगढ़ को मिली 8 लाख 46 हजार 931 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति : मुख्यमंत्री



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में प्रेस से बात करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ को भारत सरकार द्वारा 8 लाख 46 हजार 931 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। उन्होंने इसे प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे लाखों गरीब परिवारों को अपने सिर पर छत का सपना साकार करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ के 18 लाख से अधिक गरीब परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित रह गए थे क्योंकि तत्कालीन सरकार ने इस योजना के लिए आवश्यक राज्यांश 40 प्रतिशत जमा नहीं किया था। इस वजह से इन गरीब परिवारों का हक छीना गया था। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने 13 दिसंबर 2023 को शपथ ली और अगले ही दिन 14 दिसंबर को हमारे पहले कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति प्रदान कर दी गई। राज्यांश की व्यवस्था भी तुरंत की गई। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि नए वित्तीय वर्ष के बजट में छत्तीसगढ़ को 8 लाख 46 हजार 931 प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति भारत सरकार से मिली है, जिसमें एसईसीसी 2011 के अंतर्गत 6 लाख 99 हजार 331 आवास और 1 लाख 47 हजार 600 आवास प्लस



शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि मैं छत्तीसगढ़ के 3 करोड़ जनता और विशेषकर प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित होने वाले सभी लोगों की तरफ से प्रधानमंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और दुर्ग विधायक श्री गजेंद्र यादव उपस्थित थे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री जनमन योजना का भी जिक्र किया करते हुए कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति जिन्हें राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र भी कहते हैं उनके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 हजार 64 आवास की स्वीकृति की गई है, जिनमें से कई पूर्ण हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि जनवरी से लेकर अब तक 1 लाख 99 हजार प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण किया जा चुका है और मोदी जी की गारंटी के अनुसार 18 लाख आवासों का निर्माण समयबद्ध रूप से पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि नियद नेलानार योजना आपका अच्छा गांव के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित और आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10,000 से अधिक अतिरिक्त आवासों की स्वीकृति के लिए ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से मांग की गई है, जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

## डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव में पार्टी के सदस्यता अभियान में रहेंगे

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री



डॉ. रमन सिंह का कल दिनांक 5 सितम्बर को शहर आगमन हो रहा है। इस दौरान वे अनेक कार्यक्रमों में भाग लेंगे साथ ही भाजपा दक्षिण मंडल द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान में भी भाग लेकर नागरिकों व कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाएंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. सिंह दोपहर 01.00 बजे शहर आयेंगे फिर वे दोपहर 02.15 को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित शिक्षा-गौरव अलंकरण समारोह में भाग लेंगे फिर वे विधानसभा अध्यक्ष निवास आकर शाम 05.00 बजे माहेश्वरी भवन रामाधीन मार्ग पहुंचेगे जहां भाजपा दक्षिण मंडल द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान में भाग लेंगे फिर वे रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

# मेडिकल कॉलेज सह हॉस्पिटल की व्यवस्था बदहाल..

## शासन ने शहर और आसपास जिलों की जनता को पकड़ाया झुनझुना





**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय मेडिकल कॉलेज सह हॉस्पिटल से लगातार सर्जन एवं अन्य डॉक्टरों के त्यागपत्र के बाद मचे बवाल को शांत करने के लिए शासन ने व्यवस्थाओं को पटरी में लाने के लिए बैठक तो की लेकिन बैठक के 2-3 माह बाद भी नतीजा कुछ नही निकला, आज भी मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन और एमआरआई मशीने स्टॉल नही हो पाई। आज भी मेडिकल कॉलेज के मरीजों को सीटी स्कैन और एमआरआई के लिए जिला अस्पताल और निजी डाईगोनोस्टिक सेंटर पर निर्भर होना पड़ रहा है। कैंसर के मरीजों को कीमो थेरेपी के लिए भिलाई और रायपुर तक जाना पड़ रहा है। शासन ने शहर वासियों द्वारा मचाये बवाल को ठंडा करने के लिए कुछ डॉक्टरों की भर्ती की, लेकिन ये वे डॉक्टर है, जो मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद 2 साल के बॉण्ड पर शासकीय मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं देते है, ये डॉक्टर केवल सर्दी- खांसी और छोटी- मोटी बीमारियों का ही इलाज कर सकते है,बाकी बड़ी और गम्भीर बीमारियों से ग्रसित मरीज को निजी हॉस्पिटल या रायपुर रिफर करने की जिम्मेदारी निभा रहे है। बात सीटी स्कैन मशीन की करे तो कांग्रेस की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे टीएस सिंहदेव ने घोषणा की थी और फंड भी मेडिकल कॉलेज को मिल चुका था परंतु मेडिकल कॉलेज प्रशासन की उदासीनता और लचर व्यवस्था के चलते मशीन लग नही पाई। ऐसे में मेडिकल कॉलेज प्रशासन पर सवाल उठना लाजमी है। कुछ दिनों पहले मेडिकल कॉलेज को एक और बिल्डिंग निर्माण के लिए करीब 2 करोड़ को फंड स्वीकृत हुआ है, अब इन्हें कौन बताये की मेडिकल कॉलेज को बिल्डिंग की नही, मशीनों और सर्जन डॉक्टरों की आवश्कता है।

# अग्र शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन आज




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कल 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर अग्रवाल समाज द्वारा अग्र शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल एवं अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया ने बताया कि अपने जीवन में लंबे संघर्ष के बाद नारी गरिमा तथा अस्मिता की अनुकरणीय मिसाल स्थापित करने वाली राजनांदगांव की शिक्षाविद श्रीमती गीता देवी अग्रवाल की स्मृति को संजोते हुए यह कार्यक्रम उन्हें आदरांजलि है। सायं 4 बजे अग्रसेन भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व शिक्षक श्री रामावतार जी गोयल होंगे। स्व. श्रीमती गीता देवी अग्रवाल ने अग्रवाल समाज में अपना सक्रिय एवं अमूल्य योगदान दिया था। उन्होंने रामाधीन मार्ग स्थित अपना गृह निवास गीता भवनश् समाज को दान कर दिया था। वे अग्रवाल महिला मंडल की अनेक वर्षों तक संरक्षिका रहीं। एक शिक्षिका के तौर पर सदर बाजार स्कूल में उन्होंने अध्यापन कार्य के साथ ही स्वयं के खर्चे से एक कक्ष और बरामदे का निर्माण कराया था। स्कूल के प्रति उनके इस उदार सेवा भाव की आज भी चर्चा होती है। अग्रवाल सभा के कोशाध्यक्ष अषोक अग्रवाल एवं सचिव आलोक बिंदल ने सभी अग्र बंधुओं तथा मातृशक्ति से इस कार्यक्रम में अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

## उमरवाही स्कूल के शाला विकास समिति के अध्यक्ष बने ठाकुर राम यादव

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शास. उच्च माध्य ,शाला उमरवाही शाला प्रबंधन व विकास समिति का अध्यक्ष ठाकुर राम यादव को मनोनीत किया गया है श्री यादव ने अध्यक्ष बनने के बाद सर्व सम्मति से सदस्यों का चयन किया गया है श्री यादव को अध्यक्ष बनने पर समाज लक्ष्मीचंद सांखला, मुकेश भुआर्य, अनंत तिवारी,, ललित साहू रोम लाल साहू कन्हैया , ईश्वर , चुन्नी सागर धनश्याम , दिलीप , रुपेश साहू शंकर कपिल भुपेन्द्र नायक, गोपाल भुआर्य भोला पूना राम, भोला राम इत्यादि ने बधाई शुभकामना दी है।



# धौराभांठा में एसएमडीसी का गठन



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संत कबीर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धौराभांठा में एसएमडीसी का गठन किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा मनोनीत मीनाक्षी देशलहरे ने आज अध्यक्ष पद पर अपना कार्य भार ग्रहण किया ।संस्था के प्रभारी प्राचार्य पी आर पटेल एवं अध्यक्ष मीनाक्षी देशलहरे के मार्गदर्शन में बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों ,पालकों एवं शिक्षकों से चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निम्न सदस्यों का चयन किया गया। मीनाक्षी देशलहरे अध्यक्ष पी आर पटेल सचिव वाय के रजक कोषाध्यक्ष पीतांबर देशलहरे सरपंच मन्ना दास साहू सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वरी साहू विधायक प्रतिनिधि हेमन दास साहू समाज एवं मानविकी सोमेश्वर साहू शिक्षा समिति तानिया साहू पालक मोहन पटेल पालक राजाराम देशलहरे पूर्व अध्यक्ष बिसरू डहरे पंच सविता साहू संस्कृति डामन साहू विज्ञान डी के साहू सरला देवी ठाकुर सीता सोरी ,गुनिता ठाकुर , लाल दास वर्मा संतोषी साहू , केदारु बंजारे लक्ष्मी चतुर्वेदी , किरण देशलहरे इत्यादि है संस्था के प्राचार्य पी आर पटेल ने मनोनीत अध्यक्ष एवं चयनित सभी सदस्यों को बधाई प्रेषित करते हुए अमूल्य सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

# डॉ रमनसिंह के प्रयासों से जिले में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना होने से उद्योग - धंधों को मिलेगा बढ़ावा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भाजपा व्यापार एवं उद्योग प्रकोष्ठ के पुर्व जिला संयोजक एवं युवा नेता राजेश गुप्ता अग्रहरि ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में राजनांदगांव जिले के विकास मे ग्रहण लग गया था, अब प्रदेश मे फिर से भाजपा के सत्ता में आने व यहां के लोकप्रिय विधायक डॉ रमनसिंह के विधानसभा अध्यक्ष बनने से राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के विकास के द्वार खुल गए हैं।

डॉ रमनसिंह के पुन: विधायक बनते ही कांग्रेस शासन काल में राजनांदगांव से एक- एक कर उठा कर अन्यत्र ले जाए गए शासकीय कार्यालयों को एक-एक कर लाए जाने का कार्य शुरू हो गया है इसे कहते हैं साय साय। अब अगले क्रम में जिले के ग्राम बिजेतला में 421,9 एकड़ भूमि पर नवीन आदर्श औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना किए जाने से



जिले में उद्योग व्यापार व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। श्री अग्रहरि ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उद्योग एवं वाणिज्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने नवीन आदर्श औद्योगिक क्षेत्र ग्राम बिजेतला राजनांदगांव जिला में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी गई है। यह उद्योग व्यापार से जुड़े लोगो सहित सभी वर्ग के लोगों के लिए लाभ प्रद होगा। श्री अग्रहरि ने कहा कि राजनांदगांव के व्यापारी गण भी समय समय पर अपने लोकप्रिय विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह जी को समय-समय पर निवेदन करते रहे। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह जी के आधार पर बिजेतला में नवीन आदर्श औद्योगिक क्षेत्र स्थापना का लिया गया यह निर्णय काफी सराहनीय है इससे व्यापार जगत में राजनांदगांव जिला और विकसित होगा इस आदर्श औधोगिक क्षेत्र की स्वीकृति में पूर्व मुख्यमंत्री माननीय डॉ. रमन सिंह के अनुशंसा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गौरतलब है कि, औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए चयनित भूमि परिकल्पित परियोजना का मुख्य आधार होगी, जो क्षेत्र में रोजगार सृजन, आर्थिक विकास और औद्योगिक प्रगति का मुख्य आधार बनेगी। इस कदम से न केवल स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा और राजनांदगांव औद्योगिक क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।




# नगर निगम सभागृह में गणेश पर्व प्रतियोगिता का पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन

## महापौर सहित नेताप्रतिपक्ष, आयुक्त तथा पार्षदों ने प्रतियोगिता में चयनित, गणेश समितियों को किये पुरूस्कृत



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित समितियों को पुरूस्कार वितरण करने निगम सभागृह में आज पूर्वान्ह महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख की उपस्थिति में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महापौर सहित नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के अलावा स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री गणेश पवार, जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे, पार्षद श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे, श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, श्री राजेश जैन रानू, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, श्री गगन आईच व पार्षद प्रतिनिधि श्री मदन मंटू यादव ने गणेश समितियो को पुरूस्कृत किया।

गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित गणेश समितियों में महापौर एवं अतिथियों ने सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति सदर बाजार बसंतपुर थाना के पास को 6 हजार रूपये का चेक, द्वितीय स्थान प्राप्त महाराजा मण्डल गणेश उत्सव समिति कामठी लाईन को 4 हजार रूपये का चेक व तृतीय स्थान प्राप्त पाटीदार गणेश उत्सव समिति पाटीदार भवन को 3 हजार रूपये का चेक प्रदान किया। इसी प्रकार विसर्जन झाकी प्रतियोगिता के अ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त बाल समाज गंज लाईन को 41 हजार रूपये का चेक, द्वितीय स्थान प्राप्त सुमति मण्डल कामठी लाईन को 21 हजार रूपये का चेक एवं तृतीय स्थान प्राप्त बस स्टैण्ड गणेश उत्साव समिति पुराना बस स्टैण्ड को 11 हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया। साथ ही विसर्जन झाकी के ब वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त गंज गणेश उत्सव समिति भारत माता चौक को 31 हजार रूपये का चेक, द्वितीय स्थान प्राप्त तिरंगा मण्डल कमल टाकीज चौक को 18 हजार रूपये का चेक एवं तृतीय स्थान प्राप्त महावीर मण्डल गणेश उत्सव समिति बालगोविंद चौक को 10 हजार रूपये का चेक प्रदान कर पुरूस्कृत किया।

महापौर श्रीमती देशमुख ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कारधानी की झांकी पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है, यहा की झांकी राजधानी रायपुर के अलावा अन्य शहरों में जाती है। उन्होंने कहा कि गणेश समितियों की मांग पर गत वर्ष से पुरूस्तार राशि बढ़ाई गई थी, उसी के आधार पर इस बार भी पुरूस्कार दिया जा रहा है। उन्होंने गणेश समितियों को धन्यवाद देते हुये कहा कि आप लोगों की मेहनत का रंग पूरे प्रदेश में दिखता है, इस वर्ष भी गणेश उत्सव आप लोग और जोर शोर से मनाये इसके लिये मैं शुभकानाएं देती हूॅ। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा गणेश पर्व में सड़कों का मरम्मत, साफसफाई कर अतिरिक्त झाडिया काटने, विद्युत व्यवस्था आदि कार्य झांकी के पूर्व किया जायेगा। नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त समितियों को बधाई देते हुये कहा कि शहर की कुछ समितिया झाकी खुद बनाते है और कुछ समितिया बाहर से झांकी मंगाते है, यहा झांकी निर्माण होने से लोगों को रोजगार मिलता है। उन्होंने कहा कि आप लोगों के कारण शहर में अच्छा माहौल बनता है। उन्होंने महापौर एवं आयुक्त से कहा कि झाकी का रूट तय हो चुका है, झांकी निकलने के पूर्व रूट की सडकों का मरम्मत कराया जाये। निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि राजनांदगांव की हॉकी व झांकी देश एवं प्रदेश में प्रसिद्ध है, महाराष्ट्र मुबई में गणेश पर्व उत्साह से मनाते है, लेकिन मैं पिछली बार राजनांदगांव में देखा कि आप लोगों समर्पित होकर जीवंत गणेश झांकी बनाते है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की झांकी मैने पहली बार देखा झांकी का बहुत ही अच्छा प्रदर्शन रहा। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एवं प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समितियों को बधाई दिये। गणेश समिति के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर अपने विचार रखते हुये कहा कि गणेश प्रतियोगिता




का परिणाम विसर्जन के एक सप्ताह के अंदर घोषित हो जानी चाहिये। साथ ही स्थानीय स्तर पर झांकी निर्माण करने वाले समितियों को प्रोत्साहित करना चाहिये। महापौर श्रीमती देशमुख ने पदाधिकारियों की मांगो पर विचार करने का आश्वासन दिया। गणेश पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन प्रभारी सदस्य श्री गणेश पवार ने एवं संचालन प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव ने किया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके, सहायक लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे सहित अधिकारी, कर्मचारी, गणेश समिति के पदाधिकारी, पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

## पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा आज 200 विद्यार्थियों का अभिनंदन किया जाएगा

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालानी नगर द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी समाज के मेधावी विद्यार्थियों का अभिनंदन समारोह का आयोजन 5 सितंबर गुरुवार को रात्रि 7:00 बजे से 10:00 बजे तक सिंधु भवन में होगा। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित होने वाले शिक्षक दिवस पर समाज के शिक्षकों एवं मेधावी विद्यार्थियों का मोमेंटो एवं गिफ्ट से सम्मान की परंपरा समाज द्वारा लगातार चली आ रही है, इससे शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है। इस वर्ष समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी एवं विशेष अतिथि के रूप में कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। समाज के मीडिया प्रभारी अर्जुन गंगवानी ने बताया कि इस वर्ष 200 से अधिक बच्चों का सम्मान किया जाएगा, जिसमें उच्च शिक्षा के 30 मेधावी छात्रों का भी सम्मान किया जाएगा।




## जनपद पंचायत अं.चौकी में लखपति दीदी पहल अभिसरण कार्यशाला का आयोजन

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के निर्देशानुसार गतदिवस को आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके की अध्यक्षता में लखपति दीदी पहल अभिसरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं जनपद पंचायत में संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी संबंधित विभाग से आये हुये अधिकारियों द्वारा दी गई शासन की पहल लखपति दीदी अंतर्गत विकासखंड में 35 लखपति सीआरपी द्वारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं को लखपति बनाने में अन्य विभाग द्वारा अभिसरण से लाभ दिलाने के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें बिहान योजना अंतर्गत संकुलों से लखपति दीदीयों को आमंत्रित किया गया था। साथ ही उनके द्वारा अपने लखपति बनने की यात्रा के विषय में बताया गया जिसमें विभागीय योजनाओं से ऋण एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। उक्त कार्यशाला में मत्स्य पालन विभाग से श्री ए.के. रजक, पशुपालन विभाग से डॉ. देवेंद्र कुमार देवांगन, कृषि विभाग से श्री तेज बहादुर कश्यप, एनआरएलएम से बीपीएम कमलेश गौरकर, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा से रितु चंद्राकर, एडीईओ श्री योगेश पिस्दा, ब्लॉक फेलो सविता साहू सभी संकुल के पीआरपी एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।



**शुभांक**

**2-5-8**

**289-9 578-0**

**भाग्यांक**

**467-7 160-7**


**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग कवर्धा**
**जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**सामग्री निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 03 (प्रथम आमंत्रण)**

**क्रमांक 2020 तक / निविदा/ग्रायांसेवा/2024 कबीरधाम, दिनांक 03/09/2024**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से ठेकेदारों / प्रदायकर्ता / प्रतिष्ठानों / सामग्री निर्माताओं एवं अधिकृत विक्रेताओं जिनका पंजीयन वाणिज्यकर विभाग/जी.एस.टी. छत्तीसगढ़ में हो मनरेगा अंतर्गत निम्न भवन निर्माण हेतु सामग्री, की निविदा फार्म सी में पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 19-09-2024 शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 23.09.2024 को समय 12:00 बजे से खोली जावेगी।

आवश्यक सामग्रियों का विवरण तथा निविदा की सामान्य शर्तें व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks में दिनांक 05.09.2024 से देखी जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम एवं ग्राम | अनुमानित लागत प्रत्येक कार्य हेतु (लाख में ) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | मिनी स्टेडियम भाग-2<br>विकासखण्ड-कवर्धा अंतर्गत ग्राम दौजरी, बदराडीह, बैजलपुर<br>विकासखण्ड-बोड़ला अंतर्गत उसरवाही, झलमा, चिल्फी, खैरबना, बेंदरची, जीताटोला, खारा,<br>विकासखण्ड-स.लोहारा अंतर्गत सुरजपुरा जंगल, बड़ौदाखुर्द | 13.70 लाख |

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग कवर्धा**
**जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

जी-242502236/1


# सिंगल विंडो सिस्टम संस्करण 2.0 अंतर्गत एक ही प्लेटफार्म पर उद्योगों को मिलेगी लाईसेंस की अनुमति एवं अन्य सुविधाएं - कलेक्टर

## सिंगल विंडो सिस्टम संस्करण 2.0 में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में उद्योगों एवं संबंधित विभागों के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग अंतर्गत सिंगल विंडो सिस्टम संस्करण 2.0 में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में उद्योगों एवं संबंधित विभागों के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य के उद्योगों को 16 विभागों के माध्यम से मिलने वाली 90 सेवाओं को सिंगल विंडो सिस्टम संस्करण 2.0 के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा सिंगल विंडो सिस्टम संस्करण 2.0 से कार्यक्षमताओं और उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। जिससे उन्हें लाईसेंस की अनुमति एवं अन्य सुविधाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। जिला स्तर पर इसके संबंध में आ रही दिक्कतों के समाधान पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों में उद्योगों के बार-बार यूजर रजिस्ट्रेशन को समाप्त किया गया है। एक ही लॉगिंन से उद्योग समस्त सुविधाओं को प्राप्त कर उनकी स्थिति एवं जारी अनुमति लाईसेंस देख सकते हैं। फीस कलेक्शन के राज्य शासन के ई-चालान सिस्टम से इंट्रीग्रेट किया गया है। सिंगल विंडो सिस्टम संस्करण 2.0 सुविधाओं की स्थिति को मानिटरिंग करने के लिए डैश बोर्ड भी है।



कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि सिंगल विंडो सिस्टम संस्करण 2.0 में रजिस्ट्रेशन ऑफ को-आपरेटिव सोसायटी, लैंड रिकॉर्ड, इलेक्ट्रानिक एवं सूचना विभाग, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम, छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग, श्रम विभाग, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूटेशन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नियंत्रक विधिक माप विज्ञान, वाणिज्यिक कर, नगर तथा ग्राम निवेश, रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाएं जैसी सुविधाओं को एक ही प्लेटफार्म में लाया गया है। उन्होंने बताया कि सिंगल विंडो सिस्टम संस्करण 2.0 के माध्यम उद्योगों की स्थापना में सहयोग व युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। पोर्टल के माध्यम से 16 से अधिक विभागों की 100 से अधिक सुविधा मिलेगी। पोर्टल पर एक बार आवेदन से ही सभी विभागों को क्लीयरेंस मिलेगा। ऑफलाईन मोड में किसी भी कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उद्योग स्थापना के लिए किन विभागों से क्लीयरेंस लेना होगा यह जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध होगी। ई-चालान के माध्यम से पेमेंट की सुविधा होगी। सिंगल क्लिक पर आवेदन की स्थिति देखी जा सकेगी। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार केन्द्र श्री सैंग वर्गीस सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी एवं उद्योगपति उपस्थित थे।

## खैरागढ़ महाविद्यालय में साइबर जागरुकता कार्यक्रम




**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय, खैरागढ़ में दिनांक 04/09/2024 बुधवार को पुलिस अधीक्षक, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के मार्गदर्शन में समर्थ अभियान साइबर जागरुकता कार्यक्रम पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के मुख्य वक्ता श्री जितेन्द्र बंजारे, थाना प्रभारी खैरागढ़ थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र साखरे, एवं छात्रसंघ प्रभारी जे.के. वैष्णव की उस्थिति में हुआ। थाना प्रभारी श्री जितेन्द्र बंजारे ने साइबर क्राइम पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये बताया किया कि अनजान व्यक्ति के विडियो काल या अन्य प्रकार का काल आने पर सावधानी बरतने को कहॉ। अनजान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी न दे, किसी भी प्रकार के लॉटरी प्रलोभन से बचे, किसी भी नई वेबसाइट पर लाग इन करते समय यह सही है कि नहीं पता करे। बैंक संबंधी कोई डिटेल जानकारी फोन आने पर न दे आवश्यकता होने पर संबंधित बैंक में जाकर पूछताछ करे। प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र साखरे ने अपने उद्बोधन में कहॉ कि नई प्रौद्योगिकी में मोबाईल शिक्षा के क्षेत्र में भी लाभदायक एवं सहयोगी है किंतु इसका दुरुपयोग करने पर अथवा तकनीकि ज्ञान के अभाव में हमारे लिये यह नुकसान दायक भी सिध्द हो रहा है। अत: साइबर जागरुकता के ज्ञान प्राप्ति पर बल दिया। छात्रसंघ प्रभारी जे.के. वैष्णव ने विद्यार्थियों से अपील करते हुये कहॉ कि साइबर जागरुकता संबंधी यह ज्ञान अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. सुरेश आडवाणी ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रो. भबीता मंडावी ने की। इस अवसर पर प्रो. रोहित देवांगन, प्रो. सृष्टि वर्मा, डॉ. मेधाविनी, विजेन्द्र वर्मा, होमन साहू, धरमपाल वर्मा, डॉ. उमेद्र चंदेल सहित नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने ग्राम आलीवारा पहुंचकर अभिभावकों एवं विद्यार्थी से की बात



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम आलीवारा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की कमी को लेकर आवेदन मिलने पर ग्राम आलीवारा पहुंचे और वहां अभिभावकों एवं विद्यार्थी से बात की तथा स्कूल में शिक्षक की वैकल्पिक व्यवस्था की। विगत दिनों जनदर्शन में विद्यार्थी स्कूल में शिक्षकों की कमी को लेकर पहुंचे थे। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने ग्राम आलीवारा जाकर अभिभावकों और विद्यार्थियों से बात की और खेद प्रगट किया। अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए चिंतित होकर वस्तुस्थिति समझाने की कोशिश की थी और हमारे द्वारा नहीं समझ पाने के कारण हम सभी नाराज हो गए थे। लेकिन आज वे स्वयं आए और उन्होंने शिक्षक की वैकल्पिक व्यवस्था कर दी है, जिससे हम सब संतुष्ट है। विद्यार्थियों ने उनकी बातों को गलत समझने के लिए खेद व्यक्त किया।

## शक्ति वाहिनी की माता बहनो ने किया दही हांडी लूट कार्यक्रम

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** शक्ति वाहिनी डोंगरगढ़ के द्वारा स्थानीय महावीर मंदिर प्रांगण में दहीहंडी लूट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें झूला सजाओ प्रतियोगिता एवं मटकी सजाओ प्रतियोगिता भी रखी गई जिसमें बड़ी संख्या में शहर के बच्चों और महिलाओं ने भाग लिया 7 सबसे पहलेसे कान्हा जी की आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई उसके पश्चात छोटे-छोटे बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई जिसमें छोटे-छोटे बच्चे राधा कृष्ण, सीता जी ,फौजी, श्रवण कुमार, ऐसे अनेक रूपों में अपनी प्रस्तुति दिए तथा सभी का मन मोह लिये 7 इसके अलावा युवतियों और महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में धार्मिक गानों पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी 7 तथा दही हांडी लूट का प्रथम पुरस्कार थाना चौक की टीम ने प्राप्त किया 7 उसके बाद सभी को समिति के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। जिसे अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया 7 सभी अतिथियों को भी समिति की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री नंदू राम साहू ,विहिप जिला कार्यकारी अध्यक्ष तरुण हत्तेल, जिला संयोजक बजरंग दल सुनील सेन, सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी , बजरंग दल जिला सहसंयोजक हनी गुप्ता,सनातन सेवा से अनिल पांडे ,बजरंग दल नगर संयोजक ऋषभ डकहा, शुभम परिहार , नगर साहू समाज अशोक साहू,सनातन जागृति सेवा संस्थान से बालमुकुंद तराने ,महाकाल भक्त समिति से कुश मालेकर ,मारुति नंदन भक्त समिति से अभिषेक साहू, प्रयास एक छोटा सा की अध्यक्ष अनुराधा शर्मा ,कर्तव्य फाउंडेशन की अध्यक्ष पलक जैन यह सभी विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित हुए । इस शुभ अवसर पर शक्ति वाहिनी की बहने एवं नगर की मातृशक्ति कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुए 7 जिसमें प्रमुख रूप से वैशाली देशकर,निशा चावड़ा, ज्योति बड़वाईक, बरखा सोनी ,पूनम ठाकुर ,सीमा मिश्रा ,पूजा सिंह राजपूत, शारदा भोंडे, शारदा अग्रवाल, हर्षा देवांगन ,निर्मला त्रिपाठी ,अंजू चौधरी नमिता चौबे ,सविता साहू, बिंदु जेठवा, मंजू बघेल, रीना रगड़े ,गुलशन खांडेकर ,सुनीता बघेल , सौम्या भारद्वाज ,नम्रता सिसोदिया ,वंदना सिसोदिया, श्रद्धा अग्रवाल, इंदु यादव नीता तराने, अमिता गुमास्ता ,स्मृति वर्मा ,कृष्णा शर्मा ,नवनीत कौर, ,सीता शर्मा ,वंदना सोनी ,कविता बघेल, कविता नामदेव, प्रीति पाल, सपना सिन्हा, मधु महोबिया, प्रीति गौतेल, ज्योति गौतेल शाहिद शक्ति वाहिनी की सभी सदस्य एवं नगर की मातृ शक्ति बड़ी संख्या में मौजूद रही।



## ग्राम पंचायतों में मोबाईल कैम्प आज से आयोजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन द्वारा श्रमिकों के समस्याओं का समाधान करने के लिए जिले के सभी विकासखंडों के ग्राम पंचायतों में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि मोबाईल कैम्प के माध्यम से शासन द्वारा श्रमिक वर्ग हेतु संचालित श्रमिक पंजीयन, नवीननीकरण, संशोधन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है तथा निर्माण श्रमिकों व असंगठित कर्मकारों का पात्रतानुसार पंजीयन हेतु ऑनलाईन आवेदन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कैम्प में आवेदनों तथा पंजीयनों में आ रही समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है। श्रमिक पंजीयन एवं योजनाओं के ऑनलाईन आवेदन विकासखंडों के जनपद पंचायतों में संचालित श्रम कल्याण केन्द्र, श्रमेव जयते मोबाईल एप, नजदीकी लोकसेवा केन्द्र, इंटरनेट कैफे के माध्यम से करा सकते है। श्रमिक पंजीयन व योजनाओं की अधिक जानकारी के लिए मुख्यमंत्री सहायता केन्द्र के हेल्प लाईन व टोल फ्री नंबर 0771-3505050 पर संपर्क कर सकते है। इसी तरह डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत 5 सितम्बर को तेंदुनाला, 9 सितम्बर को मचानपार, 12 सितम्बर को टप्पा, 16 सितम्बर को तुमड़ीबोड़, 20 सितम्बर को बनभेड़ी, 23 सितम्बर को ढाबा, 25 सितम्बर को दिवानझीटिया, 27 सितम्बर को पेंडरवानी, 30 सितम्बर को बुद्धुभरदा एवं छुरिया विकासखंड अंतर्गत 5 सितम्बर को पिनकापार, 9 सितम्बर को बागद्धार, 12 सितम्बर को मासूल, 16 सितम्बर को नागरकोहरा, 20 सितम्बर को मातेखेड़ा, 23 सितम्बर को शिकारीटोला, 25 सितम्बर को कल्लूटोला, 27 सितम्बर को झाड़ीखैरी, 30 सितम्बर को रानीतालाब तथा राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत 5 सितम्बर को चिखली पायोनियर होम्स निर्माण कार्य (सिंघानिया फार्म) संजीवनी अस्पताल के बाजू, 9 सितम्बर को एफसीआई गोदाम के पास (सिटी सेंटर प्रोजेक्ट), 11 सितम्बर को पेण्ड्री 50 बिस्तर वाले बच्चों का अस्पताल निर्माण कार्य, 13 सितम्बर को डी मार्ट के पास चैतन्य स्कूल निर्माण कार्य, 16 सितम्बर को लिटिया, 19 सितम्बर को सलोनी, 23 सितम्बर को पटेवा, 25 सितम्बर को जंगलेसर, 28 सितम्बर को पटेवा, 30 सितम्बर को सिंगपुर में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

nandgaon times sep--05-034.qxd 9/4/2024 11:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) थांगका पेटिंग शैली में किस देवता को दर्शाया गया है?*
*2) कुद लोक नृत्य किस राज्य से संबंधित है?*
*3) प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पोषण सप्ताह कब मनाया जाता है?*
*4) भारतीय महाकाव्य महाभारत (व्यास कृत) के अठारह पर्वो के किस पर्व में व्यापक रूप से भगवद्गीता का वर्णन है?*
*5) एथलेटिक्स में दो पैरालंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला कौन बनी है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**




## उत्तर माला

(1) महात्मा बुद्ध (2) जम्मू व कश्मीर (3) 1 से 7 सितंबर (4) छठा पर्व–भीष्म पर्व (5) प्रीति पाल

# सेवानिवृत्त होने पर मंडावी को ससम्मान दी गई बिदाई

## 37 वर्ष की लंबी सेवाकाल में अपने सरल-सहज स्वभाव के साथ कर्तव्यनिष्ठा के लिए समर्पित

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ में 37 वर्षो की लंबी सेवा कर अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर वनस्पति विज्ञान विभाग में प्रयोगशाला तकनीशियन के पद पर कार्यरत बी.एस. मंडावी 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुए। उनकी सेवा निवृत्ति अवसर पर उन्हे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के निर्देशन में समस्त महाविद्यालय परिवार द्वारा उनका बिदाई समारोह आायोजित कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में श्री मंडावी के साथ कार्य कर चुके अन्य महाविद्यालयों में स्थानांतरिक, पदोन्नत एवं पूर्व में सेवा निवृत्त हुए समस्त कर्मचारियों को भी आमंत्रित कर उन्हे तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने श्री मंडावी के साथ अपने अनुभव का साझा करते हुए उनके सरल, सहज एवं मिलनसार एवं कर्मठ कार्यशैली की प्रशंसा की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने कहा कि श्री मंडावी अपने सरल-सहज स्वभाव के साथ-साथ अपने पूरे सेवाकाल में समय के पाबंद रहे। साथ ही महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर दिये



गये दायित्वों एवं शुल्क काउंटर में उनकी सेवा की सराहना की। इसी प्रकार वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह ने भी उनके साथ अपने 2 साल के कार्यकाल के दौरान उनके साथ कार्य के अनुभव साझा करते हुए उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की। इसी प्रकार नेहरू महाविद्यालय से ही सेवानिवृत्त हुए सहा.ग्रेड नानकलाल परिहार, प्रयो.तक. कामताराम साहू, सहित महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्या. डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एम.एल. नंदेश्वर, सहा.प्राध्या. ओ.पी वर्मा, प्रयो.तक. सजय तिवारी, हिन्दी विभाग अतिथि व्याख्याता डॉ. नीता राजपूत, अर्थशास्त्र विभाग से मनीषा भेड़िया सहित वनस्पति विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओ ने श्री मंडावी के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए उनके सहज सरल स्वभाव के साथ उनकी अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ्य जीवन व दीधार्यु की कामना की। कार्यक्रम के अंत मे श्री मंडावी ने अपने 37 वर्षो के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि जो व्यक्ति जीवन में आया है उसे एक दिन मरना है, उसकी प्रकार शासकीय सेवा आने पर एक दिन सेवा निवृत्त होना पड़ता है। उन्होने उक्त सम्मान आयोजित करने के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य समस्त महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिवार की ओर मोमेन्टो, शाल एवं श्रीफल देकर श्री मंडावी को सम्मानित किया गया साथ ही पूरे महाविद्यालय ने उनको उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर ढोल बाजे के साथ पूरे सम्मान के साथ उनके घर तक छोड़कर उन्हे बधाई दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, अतिथि व्याख्याता एवं वनस्पति विज्ञान के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एम.एल. नंदेश्वर एवं आभार प्रदर्शन सहा.प्राध्या. जी.के. यादव ने किया।

## सीआरसी में नया पाठ्यक्रम डिप्लोमा इन इण्डियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन कोर्स के लिए प्रवेश प्रारंभ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केन्द्र राजनांदगांव दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अन्तर्गत संचालित सीआरसी में नया पाठ्यक्रम डिप्लोमा इन इण्डियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन डीआईएसएलआई 30 सीट के लिए एडमिशन प्रारंभ हो चुका है। इस कोर्स में एडमिशन कक्षा बारहवीं के आधार पर किया जाना है, यह पाठ्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली से पंजीकृत हैं, जो श्रवण बाधित लोगों को जो बिल्कुल भी नहीं सुन सकते उनके साथ संचार करने का माध्यम होगा। इससे इस प्रकार के दिव्यांग बच्चों के साथ संचार आसानी से कर सकते हैं। इस कोर्स की अधिक जानकारी के लिए सीआरसी राजनांदगांव में श्री प्रशांत मेश्राम 99607-54353 एवं गजेन्द्र कुमार साहू 9165314300 से संपर्क कर सकते हैं ।



## 7 सितम्बर को गणेश चतुर्थी एवं पर्यूषण पर्व संवत्सरी व उत्तम क्षमा के उपलब्ध में

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य शासन के आदेशानुसार गणेश चतुर्थी एवं पर्यूषण पर्व संवत्सरी व उत्तम क्षमा के उपलक्ष्य में दिनांक 7 सितम्बर 2024 दिन शनिवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

## निधन

**श्रीमती सीतादेवी श्रीवास्तव**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री ओंकार लाल श्रीवास्तव भाई साहब की माताश्री 84 वर्षीय आदरणीया श्रीमती सीतादेवी श्रीवास्तव की आत्मा आज दोपहर 3ञ्30 बजे ईश्वरलीन हो गई । उनका अंतिम संस्कार कल प्रातः 11 बजे किया जायेगा । अंतिम यात्रा वैशाली नगर ,राजनांदगांव स्थित उनके निवास स्थान से निर्धारित समय पर निकलेगी ।



# मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा 2 लाख से कम वार्षिक आय के परिवारों के विद्यार्थियों के लिए मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना संचालित किया जा रहा है। योजना अंतर्गत डिप्लोमा/स्नातक स्नातकोत्तर स्तर के कुल 35 तकनीकी एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को योजना में शामिल किया गया है। योजना अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को केवल एक प्रतिशत की ब्याज दर पर शिक्षा ऋण देय होगा। शेष ब्याज की राशि का भुगतान राज्य शासन द्वारा सीधे संबंधित बैंकों को किया जाएगा। योजना अंतर्गत राज्य के वामपंथी/चरमपंथी प्रभावित जिले बस्तर, बीजापुर, दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा, जशपुर, उत्तर बस्तर कांकेर, कोरिया, नारायणपुर, राजनांदगांव, सरगुजा, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, बालोद, सुकमा, कोंडागांव एवं बलरामपुर जिले के छात्रों को ब्याज रहित ऋण मिलेगा। योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित पात्रता के अनुसार विद्यार्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक है। छात्र छत्तीसगढ़ राज्य में स्थापित तथा सक्षम प्राधिकारी मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम में प्रवेशित होना चाहिए। परिवार की वार्षिक आय 2 लाख रूपये होनी चाहिए, जो की सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र द्वारा प्रमाणित होनी चाहिए। ब्याज अनुदान के लिए शिक्षा ऋण की अधिकतम सीमा चार लाख रूपए है। ब्याज अनुदान का लाभ लेने के लिए नियमित रूप से ऋण किस्तों का भुगतान अनिवार्य है। ड्रॉप आउट/निष्काशित छात्र इस योजना का लाभ नहीं ले सकेंगे। किंतु चिकित्सा कारणों से एक वर्षों से अधिक सीमा तक अध्ययन में रूकावट होने की दशा में पात्र होंगे।



# खरीफ फसल में बीमारियों के आने की संभावनाओं को देखते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने जारी किया कृषक सलाह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खेत में हरी काइयो का प्रकोप दिख रहा है तो पानी की निकासी करने की सलाह दी गई। खेत में जिस जगह से पानी जाता है वहां कॉपर सल्फेट को पोटली में बांधकर रखना चाहिए। धान में 35-40 दिन की अवस्था में जहां धान की फसल, कंसे निकलने की अवस्था में हो वहां नाइट्रोजन की दूसरी मात्रा का छिड़काव (टॉप ड्रेसिंग) करना चाहिए। जिससे कंसे की स्थिति में सुधार आयेगा, फसल में कीट या खरपतवार होने की स्थिति में दोनों के नियंत्रण के बाद यूरिया 40 किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर का छिड़काव करने की सलाह दी गई। धान के खेत में 5 सेमी. से अधिक पानी न भरने दें। सोयाबीन फसल किसानों को सलाह दी गई कि जिन स्थानों पर गर्डल बीटल का प्रकोप शुरू हो गया हो वहां पर थाइक्लोपीड 21.7 एससी 750 मिली/हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। पत्ती खाने वाली इल्लियों तथा सफेद मक्खी के नियंत्रण के लिए पूर्व मिश्रित कीटनाशक बीटासायफ्लूथ्रीन इमिडाक्लोरोपिड 350 मिली व हेक्टेयर की दर से छिड़काव करने कहा गया। इस उपाय से तना मक्खी का भी नियंत्रण होगा। दलहनी फसल उड़द एवं मूंग फसल में शाखा बनने की अवस्था में अत्यधिक खरपतवार होने पर नियंत्रण करें। झुलसा ब्लास्ट रोग की प्रारंभिक अवस्था में निचली पत्तियों पर हल्के बैगनी रंग के छोटे-छोटे धब्बे बनते हैं, जो धीरे-धीरे बढ़कर आंख के समान बीच में चौड़े व किनारों पर संकरे हो जाते हैं। इसके लिए ट्राइसाइक्लाजोल कवकनाशी जैसे बीम या बान 0.05 प्रतिशत का छिड़काव 12-15 दिन के अंतर से करना चाहिए। समय पर बुआई सन्तुलित उर्वरकों का उपयोग इस रोग को सीमित करने में मदद करते हैं। जीवाणु जनित झुलसा रोग के प्रारंभिक लक्षण पत्तियों पर रोपाई व बुआई 20-25 दिनों बाद दिखाई देते हैं। सबसे पहले पत्तियों के किनारे वाला उपरी भाग हल्का पनीला सा हो जाता है तथा फिर मटमैला हरापन लिये हुए पीला सा होने लगता है। इस रोग के नियंत्रण के लिए संतुलित उर्वरकों का उपयोग करना चाहिए। नत्रजनयुक्त खादों का उपयोग निर्धारित मात्रा से अधिक नहीं करना चाहिये। रोग होने की दशा में पोटाश का उपयोग लाभकारी होता है।

# रेस्लर बॉयस ने जीता 7 एसाइड , फुटबाल का फाइनल मैच

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** तुलसी विहार में आयोजित फुटबाल टूर्नामेन्ट जो कि 7 टीमो के बीच आयोजित था । गत1सितंम्बर रविवार को तुलसी विहार टर्फ में सम्मपन हुआ ।फुटबॉल टुर्नामैन्ट बॉडी टेक जिम के संचालक श्री अमित अजमानी द्वारा आयोजित किया गया था ।जिसमें लगभग 77 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। 7 टीमें जिनके नाम- बॉडी बिल्डर बॉयस, रेसलर बॉयस, द जिम बॉयस, क्रॉस फिट बॉयस, द ओल्ड स्कूल बॉयस, पॉवर लिफ्टर बॉयस, द वेट लिफ्टर बॉयस इन सभी टीमों में 11-11 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें केवल 7 खिलाड़ियों को टर्फमें रहना होता था ।इसके बाद खेल के बीच में बाकी के बचे 4 खिलाड़ियों को मौका दिया जाता है। फुटबॉल टूर्नामेन्ट में प्रत्येक टीम के लिऐ 30 मि. का समय रखा गया था। जिसमें 15 मि. का हॉफ टाईम रखा गया था। फुटबॉल का खेल आज के युवाओं में काफी प्रचलित है। और खासकर बारिश में तो फुटबॉल का बुखार का छाया रहता है सभी में, फुटबॉल मैंच में रेफरी के तौर पे पूर्व राष्ट्रीय खिलाडी विकास वैष्णव उपस्थित थे जिन्होंने पूरे मैच सम्पन्न करवाये। रेफरी विकास वैष्णव जी के निर्णय का सभी ने बहुत सराहना की। फाईनल मैच बहुत ही रोमांचक रहा। जिसमें मैच के शुरू के 10 मि. में द जिम बॉयस ने रेसलर बॉयस की तरफ पहला गोल करके बडहत बना ली थी। जिसमें रेसलर बॉयस काफी हद तक आखिर तक दबाव में रहे। हॉफटाईम के बाद जब केवल 4 मि. रह गये थे। रेसलर बॉयस ने गोल करके 1-1 से बराबरी कर ली। और मैंच फिर रोमांचक से भर गया। मैंच खतम होते हुये स्कोर बराबरी में रह के ड्रॉ रहा। उसके बाद दोनों टीमो को 3-3 पेनाल्टी सूट का मैका दिया गया ।जिसमें रेसलर बॉयस ने 2-0 से बढ़त लेके फुटबॉल कप फाइनल के विजेता बने। फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजक श्री अमित अजमानी ने विजेताओं का पुरूस्कार दे के सम्मानित किया, साथ में गोल्डन बुक अवॉर्ड,बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड, बेस्ट गोल कीपर अवॉर्ड दिया गया। गोल्डन बुक अवॉर्ड श्री मैक्स पांडया एवं शिवम साहू को मिला। बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड विकेल नेताम को मिला। उप विजेता टीम द जिम बॉयस को रनर अप की थेरपी मिली फुटबाल टूर्नामेंट में विशेष तौर द ओल्ड स्कूल बॉयस की टीम का प्रदर्शन रहा। जिन्होंने 25 साल के बाद फुटबॉल में अपना जादू दिखाया, बताते हुये बहुत हर्ष हो रहा है। कि ओल्ड स्कूल बॉयस की टीम जो कि अपना पिछला मैच आज से 25 साल पहले खेले थे ।उन्होंने आज के युवाओं को अच्छी खासी टक्कर दी, टूर्नामेंट में विशेष तौर पे मंदिप सिंग, दीपक राठौर,ब्रीजेश बागडी, नितिन पाल, द्रीशांन अजमानी, श्रीमति रूचिका अजमानी, विकास गोयल, चीकू बागडी, नीसित जैन, कान्हा राठौर, नेहा ध्रुवे, लक्ष्य सिंघला, गौरव, रूपाली, कार्तिक,कोमल कोर, विकास वैष्णव, इक्मान जज,तुषार पटेल, हेमंत रजक,काका,भूमि,आस्था, रंजना, छाया महेंद्र, कान्हा, आशिष, मैक्स, स्वाति, सोएल उपस्थित थे। टूर्नामेंट की सफलता के लिये बॉडी टेक के मेम्बर्स ने अमित सर को बधांई एवं शुभकामनाऐ दी । एवंम जल्द ही फिर से प्रतियोगिता आयोजित करवाने का आग्रह किया ।



## धर्म समाचार....

# 6 सितंबर को हरतालिका तीज

### सुहागिन महिलाएं जीवन साथी के सौभाग्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना से करेंगी देवी पार्वती की पूजा

शुक्रवार, 6 सितंबर को महिलाओं का महा व्रत हरतालिका तीज है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया पर ये व्रत किया जाता है। इस दिन महिलाएं पूरे दिन निर्जल रहती हैं यानी अन्न के साथ ही पानी का भी त्याग करती हैं। जीवन साथी के सौभाग्य, लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना से देवी पार्वती की पूजा करती हैं।

उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, इस तिथि पर महिलाएं देवी पार्वती का सुंदर श्रृंगार करें और सुहाग की चीजें जैसे लाल चुनरी, लाल चूड़ियां, कुमकुम, आभूषण आदि जरूर चढ़ाएं। जो महिलाएं हरतालिका तीज का व्रत करती हैं, उन्हें सुबह जल्दी उठना चाहिए और पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करना चाहिए। स्नान करते समय सभी तीर्थों का और पवित्र नदियों का ध्यान भी करना चाहिए। पानी में थोड़ा सा गौ मूत्र भी मिला लेंगे तो बहुत शुभ रहेगा। स्नान के बाद सूर्य को जल चढ़ाएं और घर के मंदिर में गणेश पूजन के बाद शिव-पार्वती की पूजा करें। पूजा में भगवान का दूध, दही, घी, जल, से अभिषेक करें। बिल्व पत्र, हार-फूल, धतूरा, दूर्वा, आंकड़े के फूल, गुलाब चढ़ाएं। देवी-देवता का वस्त्र और हार-फूल से श्रृंगार करें। मिठाई का भोग लगाएं। धूप-दीप जलाएं। शिव-पार्वती के सामने हरतालिका व्रत करने का संकल्प लें। जो महिलाएं ये व्रत कर रही हैं, उन्हें दिनभर पानी भी नहीं पीना चाहिए। जिन महिलाओं के लिए भूखे-प्यासे रहना संभव नहीं है, वे फलाहार और दूध का सेवन कर सकती हैं। बीमार, गर्भवती महिलाओं को व्रत करने से बचना चाहिए, इन्हें विधि-विधान से पूजा-पाठ करनी चाहिए। हरतालिका तीज पर सुबह-शाम पूजा करनी चाहिए और दिनभर शिव-पार्वती का ध्यान करते हुए मंत्र जप करना चाहिए। भगवान की कथाएं पढ़ें-सुनें। संतों के प्रवचन सुनें, शिवपुराण कथा सुनें। देवी पार्वती को पूजा में लाल चूड़ियां, लाल चुनरी, कुमकुम, लाल फूल, इत्र, सिंदूर, हल्दी जरूर चढ़ाएं और पूजा के बाद ये चीजें जरूरतमंद सुहागिन महिला को दान करें।



**हरतालिका तीज व्रत से मिल सकते हैं ये पुण्य लाभ**

इस व्रत से महिलाओं के जीवन साथी को लंबी उम्र, सौभाग्य और अच्छी सेहत मिल सकती है। जो कन्याएं अविवाहित हैं, वे भी सुयोग्य और मनचाहा वर पाने की कामना से ये व्रत कर सकती हैं। महिलाओं के साथ ही पति भी अपनी पत्नी के सुखी जीवन, सौभाग्य की कामना से ये व्रत कर सकते हैं।

## 2.5 करोड़ के स्वर्ण आभूषणों से सजेंगे खजराना गणेश, 1.25 लाख लड्डुओं का लगेगा महाभोग

खजराना मंदिर जाने वाले भक्तों को परेशानी नहीं होगीद्य महापौर और निगम आयुक्त ने पहुंच मार्ग का दौरा किया है। भक्तों का प्रवेश गणेश पुरी से होगा और निकासी काली मंदिर की तरफ होगी। गणेशोत्सव के लिए तीस सहयोगी रसोइये मिलकर मोदक बना रहे हैं। इसके लिए 2,345 किलो खाद्य सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।देश-विदेश में ख्यात खजराना गणेश मंदिर में सात सितंबर से शुरू हो रहे दस दिनी गणेशोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है। इस अवसर पर भगवान गणेश का ढाई करोड़ के स्वर्ण आभूषणों से श्रृंगार और सवा लाख लड्डुओं का महाभोग लगेगा। इन दस दिनों में दर्शन-पूजन के लिए जुटने वाले लाखों भक्तों के लिए दर्शन व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा। किसी भी भक्त को दर्शन में आधे घंटे से अधिक का समय न लगे, इसलिए महाकाल मंदिर की तरह दर्शन की चलित व्यवस्था रहेगी। श्री सुमुख गणेश मंदिरः 53 साल से दक्षिण भारतीय परंपरा में गणेश महोत्सवश्री सुमुख गणेश मंदिरः 53 साल से दक्षिण भारतीय परंपरा में गणेश महोत्सव मंदिर में प्रवेश रिंग रोड से सर्विस रोड होते हुए गणेश पुरी की ओर से मिलेगा और निकासी काली मंदिर खजराना गांव की तरफ से होगी। मुख्य पुजारी अशोक भट्ट ने बताया कि भगवान गणेश के साथ ही रिद्धि-सिद्ध और शुभ-लाभ को भी स्वर्ण मुकुट पहनाए जाएंगे। खजराना गणेश को भक्त मंडल की ओर से सवा लाख मोदक का प्रसाद समर्पित किया जाएगा। इसके लिए भक्त मंडल की ओर से सोमवार से मंदिर परिसर में मोदक निर्माण शुरू हुआ। मंडल के अरविंद बागड़ी एवं कैलाश पंच ने बताया कि सात सितंबर को सुबह 10 बजे कलेक्टर आशीष सिंह व निगमायुक्त आयुक्त शिवम वर्मा भगवान गणेश को भोग अर्पित करेंगे। प्रतिदिन अलग-अलग किस्म के अनाज के लड्डुओं का भोग लगेगा। सोमवार को पूजन कर 10 भट्टियों पर मोदक का निर्माण शुरू हुआ। इस मौके पर पंडित सुमित भट्ट, मंदिर के प्रबंधक गौरीशंकर मिश्रा, संगीता बागड़ी, विनीता गोयल आदि उपस्थित थे।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बेडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बेडमिंटन नेट, स्करेल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# भाजपा का सदस्यता अभियान प्रारंभ- नवीन जिले में भाजपा प्रथम चरण में 61200 नए सदस्य बनाएगी

## पूर्व सांसद मधसुदन यादव ने नवीन जिले में सदस्यता अभियान के लिए पार्टी कार्यकर्ताओ में भरा जोश, ईमानदारी से परिश्रम करे तो हर लक्ष्य छोटा च हर चुनौती आसान नजर आएगी, जिम्मेदारो को सौपे दायित्व- मधुसुदन

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी में भाजपा ने आज से सदस्यता अभियान का आगाज कर दिया है। भाजपा इस जिले में हर मतदान केन्द्र में दो दो सौ नए सदस्य बनाएगी। जिला भाजपा को प्रथम चरण में इस जिले में 61 हजार दो सौ नए सदस्य बनाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसे 17 सितंबर तक पुरा किया जाना है। पार्टी से मिले लक्ष्य के बाद भाजपा संगठन के पदाधिकारियो ने पहले दिन से ही लक्ष्य को पुरा करने ताकत झोकनी षुरू कर दी है।

दो वर्श पूर्व अस्तित्व में आए नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी में जिला भाजपा ने सदस्यता अभियान का विधिवत षुभारंभ किया। जिला मुख्यालय मोहला के गंधर्व भवन में आज जिले के पूर्व सांसद तथा छग भाजपा के प्रदेष उपाध्यक्ष मधसुदन यादव के आतिथ्य में सदस्यता अभियान का श्रीगणेष किया गया। जिला भाजपा के इस महत्वपूर्ण अभियान का षुरूआत करते हुए प्रदेष भाजपा के वरिश्ठ नेता मधुसुदन यादव ने पार्टी पदाधिकारियो में उर्जा व उत्साह का संचार करते हुए कहा की पार्टी द्वारा मिले लक्ष्य को सभी को एकजुट होकर तय समय सीमा में अनिवार्य रूप से पुरा करना है। श्री यादव ने संगठन के पदाधिकारियो को जिम्मेदारी पूर्वक पुरी निश्ठा के साथ इस अभियान को सफल बनाने का आहवान किया। पूर्व सांसद ने मंच से इस अवसर पर अंबागढ चौकी के भाजपा नेता राजेष सिंगी व गोटाटोला के कंवर तापडिया को सदस्य बनाया। कार्यक्रम में जिला भाजपाध्यक्ष मदन साहू, पूर्व विधायक संजीव षाह, जिला महामंत्री दिलीप वर्मा, राजेष सिंगी, नम्रता सिंह, रमेष हिडामे, खोरबहरा राम यादव, योगेन्द्र कोडापे, रतन तारम, षत्रुहन चुरेन्द्र, गुलाब गोस्वामी, पवन गुप्ता, मोहन जैन, अरूण यादव सहित जिला



भाजपा व संगठन के सभी विंगो के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ के अलावा हर बूथ से पहुचे बूथ प्रभारी षामिल हुए।

**हर बूथ में दो दो सौ का टारगेट**

जिला भाजपा के अध्यक्ष मदन साहू व जिला महामंत्री दिलीप वर्मा ने बताया की सदस्यता अभियान का प्रथम वरण 2 सितंबर से 17 सितंबर तक जारी रहेगा। अगले चरण के लिए वर्तमान में अभी संगठन से जिला भाजपा को निर्देष प्राप्त नही हुआ हे। जिला अध्यक्ष ने बताया की बूथो में सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए बूथ स्तर पर संगठन की ओर से चार चार प्रभारियो को जवाबदेही दी गई हे। जबकि मंडल स्तर पर अभियान की मानिटरींग करने के लिए मंडल में तीन तीन प्रभारियो को जिममेदारी दी गई है। जिलाध्यक्ष ने भरोसा जताया की जिला भाजपा तय सीमा में पार्टी से मिले लक्ष्य को आसानी से पुरा कर लेगी।

**ईमानदारी से काम करे हर लक्ष्य छोटा नजर आएगा**

जिले के पूर्व सांसद मधुसुदन यादव ने आज नवीन जिला के भाजपा संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ को सीख देते हुए कहा की संगठन से बडा कोई नही होता है। संगठन का काम पुरी निश्ठा, समर्पण व ईमानदारी से करिए तो निष्चित तौर पर आने वाला कल आपका होगा। उन्होने कहा की कडे परिश्रम व ईमानदारी से किए गए कार्य के बाद हर लक्ष्य छोटा व आसान नजर आता है। श्री यादव ने संगठन के पदाधिकारियो से कहा की जिम्मेदार व समर्पित लोगो को जवाबदारी सौपिए तो लक्ष्य व मन दोनो हल्का हो जागए। श्री यादव ने कहा की किसी भी कार्य को उत्साह से करेगे तो आप हर मुहिम में सफल होंगे।

**सदस्यता अभियान में राश्ट्रहित सर्वोपरी- मधुसुदन यादव**

छग भाजपा के प्रदेष उपाध्यक्ष मधुसुदन यादव ने कहा की भाजपा व भाजपा के कार्यकर्ता के लिए राश्ट्रहित सर्वोपरि है। उन्होने कहा की यह अभियान देष को मजबूत बनाने के लिए किया जा रहा है। अब इस देष में दो निषान, दो विधान व दो प्रधान नही चलेंगे। हमे जनसंघ के आदर्षो पर चलते हुए राश्ट्र प्रथम की भावना को ध्यान में रखकर कार्य करना है। श्री यादव ने कहा की हमे गांव गांव गली गली घुम कर पार्टी में नए सदस्यो को जोडकर भाजपा को सर्वव्यापी और सर्वस्पर्षी बनाना है।

# तीज उत्सव- सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता रासलीला व छप्पन भोग के साथ संपन्न हुआ





**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** टिकरापारा स्थित सरजू गार्डन में बेटी बचाओ मंच टिकरापारा तथा संतोषी नगर ने हर्षोल्लास के साथ तीज महोत्सव व सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता का आयोजन किया । प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में भगवान कृष्ण की तस्वीर की पूजा अर्चना व छप्पन भोग लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सोलह श्रृंगार करके उपस्थित महिलाओं का कुमकुम लगाकर सुहाग सामग्री भेंट कर शहर महासचिव अंजलि यदु ने स्वागत किया । उक्त अवसर पर तीज क्वीन विजेता वर्षा कार्तिकेय, उपविजेता सुप्रिया धुवारे, सोलह श्रृंगार प्रथम पूजा सिन्हा तथा द्वितीय संगीता गुप्ता सम्मानित हुए। मेहदी प्रतियोगिता में प्रथम आशा धीवर । कृष्ण के बाल रूप को दौड़कर छुने (कान्हा दौड़)मे प्रथम के कल्पना राव घोषित हुए । श्रेष्ठ अवार्ड अंजली यदु को दिया गया। आयोजन में विशेष सक्रियता के लिए किरण कर्स, चांदनी धीवर, ज्योति चंदेल, श्यामा यदु, राजकुमारी सोनी , दसोदा सिन्हा, प्रतिमा यदु, सरिता यदु, दीपा साहू, ज्योति साहू को सम्मानित किया गया। प्रतियोगियों को प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने धर्म गमछा, आकर्षक पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र भेट किया। कृष्ण के बाल रूप व राधा के रूप में उपस्थित प्रतीक गुप्ता , जतिन सिन्हा व प्रतिमा गुप्ता को विशेष पुरस्कार दिया गया । अंत में राधा कृष्ण के साथ रासलीला का आयोजन व छप्पन भोग लगे प्रसाद का वितरण किया गया ।

# राष्ट्रवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में कार्यकर्ता अपनी भूमिका निभाएं - अमर अग्रवाल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा का जिला स्तरीय सदस्यता अभियान का शंखनाद जिला भाजपा कार्यालय में मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल के सानिध्य में शुरू हुआ जिसमें 8800 002024 पर मिस कॉल करके सदस्य बनाने की प्रक्रिया जिला स्तर पर शुरू की गई जिसमें उपस्थित सैकड़ो लोगों ने भाजपा की विधिवत सदस्यता ग्रहण की। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई। तत्पश्चात जिला उपाध्यक्ष आभा तिवारी ने वंदे मातरम गीत का गान किया, तत्पश्चात अध्यक्ष उद्बोधन में रमेश पटेल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष द्वारा छत्तीसगढ़ में 2 सितंबर को सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई, जिसके बाद आज जिला मुख्यालयों में यह अभियान शुरू किया जा रहा है,जिसके बाद 5 सितंबर को मंडल स्तर पर एवं 6 सितंबर को बूथों पर यह अभियान शुरू किया जाएगा।

श्री पटेल ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी के परिश्रम समर्पण लगन निष्ठा से भाजपा का सदस्य अभियान पिछले सभी रिकॉर्ड जरूर तोड़ेगा। र्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर के विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वैचारिक रूप से राष्ट्रवादी विचारधारा की पक्षधर है, शुरू से ही जनसंघ से लेकर जनता



पार्टी एवं भाजपा के सफर में भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए जो अभियान भाजपा ने शुरू किया है, उसे पूरा करने में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री लगे हुए हैं, इसलिए देश में जो गतिविधियां चल रही हैं उस पर विजय पाने के लिए सदस्यता अभियान को जन-जन तक पहुंचा कर प्रत्येक कार्यकर्ता अपने लक्ष्य को हासिल करें, तो प्रत्येक बूथ में 200 सदस्य का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले स्तर के बाद, चरणबद्ध ढंग से मंडल स्तर पर, फिर बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान शुरू होगा, जिसके प्रभारीयो का गठन किया जा चुका है। सभी सक्रिय सदस्य इस अभियान में अपनी महिती भूमिका निभाते हुए पार्टी को पुनः विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

**विचारधारा की लड़ाई में कार्यकर्ता साथ दें -- पांडे**

बैठक में ओजस्वी सांसद संतोष पांडे ने भी भाजपा की विचारधारा को परिभाषित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीति नीति का प्रशिक्षण नए कार्यकर्ता को अवश्य दें ताकि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। श्री पांडे ने कहा कि आज विपक्षी दल भारत को तोड़ना चाहते हैं, और विचारधारा की लड़ाई शुरू हो चुकी है। इस लड़ाई में देश के प्रधानमंत्री जब यूक्रेन जाते हैं तो युद्ध रुक जाता है । वह बुद्ध की धरती से गए हैं और बुद्ध कभी युद्ध नहीं चाहते। इसलिए भारत शांति का पक्षधर रहा है, सांसद संतोष पांडे ने कहा कि वर्तमान में पंच सरपंच पार्षद से लेकर विभिन्न चुनाव होने वाले हैं सभी कार्यकर्ता गंभीरता के साथ इस चुनाव में सभी पदों पर समान विचारधारा के लोगों को आगे बडाए ताकि भाजपा की विचारधारा पुष्पित एवं पल्लवित हो।

# सुमति मंडल को विसर्जन झांकी स्पर्धा में मिला द्वितीय स्थान

## युवा टीम की सक्रियता ने सुमति मंडल को दिलाई पुनः प्रतिष्ठा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी की सबसे प्राचीन गणेशोत्सव समिति सुमति मंडल , कामठी लाइन अपनी विसर्जन झांकी के लिए प्रसिद्ध रही है । पीढ़ी दर पीढ़ी नए सदस्य जुड़कर सुमति मंडल का नाम ऊंचा करते आ रहे है । अभी वर्तमान में 20 वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन में 30 - 32 सदस्यों की युवा टीम सुमति मंडल को ऊंचाइयों की ओर ले जाने हेतु सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर रही है । सभी में विशेष उत्साह है ।



सुमति मंडल के अध्यक्ष अशोक लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी गई है कि कोरोना काल के बाद से सुमति मंडल ने विसर्जन झांकी निकलना बंद कर दिया था , वर्ष 2023 में नई टीम बागडोर संभालने आगे आई , वरिष्ठ सदस्यों के निर्देशन में युवाओं ने सक्रियता का प्रदर्शन किया एवं विसर्जन झांकी में वृषभ अवतार की आकर्षक स्वरूप में झांकी प्रस्तुत किया । नगर निगम द्वारा आज घोषित परिणाम में सुमति मंडल की झांकी को अ वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ । पुरस्कार वितरण समारोह में मंडल की ओर से अशोक लोहिया , सुभाष चौरड़िया , दीपक सोनी एवं निलेश शुक्ला ने महापौर एवम आयुक्त के हाथों 21000/ का चेक प्राप्त किया । श्री लोहिया ने इस पुरस्कार का पूरा श्रेय युवा टीम को दिया है , जिनकी सक्रियता से सुमति मंडल अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को वापस प्राप्त करने में सफल हुआ है ।

# बिंदिया कार्यक्रम में आभा श्रीवास्तव की रचनाओं का प्रसारण आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अंचल की वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती आभा श्रीवास्तव की रचनाओं का प्रसारण रेडियो आकाशवाणी से कल गुरूवार, 5 सितंबर को प्रसारण किया जावेगा। दोपहर 1 बजे से रेडियो में प्रसारित होने वाले लोकप्रिय कार्यक्रम बिंदिया के अंतर्गत काव्य सौरभ कविता-पाठ में श्रीमती आभा श्रीवास्तव की रचनाओं नारी, परिवर्तन नहीं होता, सावन, राही आदि कवितायें एमडब्ल्यू 981 केएचजेड एंड 101.6 एमजेडएच पर प्रसारित होंगी। उल्लेखनीय हो कि साप्ताहिक समाचारपत्र उजला आकाश की संपादक व साहित्यकार श्रीमती आभा श्रीवास्तव पूर्व में भी आकाशवाणी, दूरदर्शन के कार्यक्रम में सम्मिलित व प्रसारित हो चुकी हैं। इसके साथ ही विभिन्न साहित्यिक संगोष्ठियों, सम्मेलनों आदि कार्यक्रमों में सम्मिलित हो चुकीं श्रीमती आभा श्रीवास्तव की प्रकाशित व बहुप्रशंसित कृतियां पगडण्डी, अग्रगामी, सफर, वस्तुस्थिति, पलाश के रंग, शंकर, भारत, अभिनंदन, आंख का तारा, छत्तीसगढ़: तब और अब तथा श्रद्धांजलि आदि हैं।



# जिला शिक्षा अधिकारी पर आरोप, एनएसयूआई ने दी उग्र प्रदर्शन की चेतावनी

**राजनांदगांव।** एनएसयूआई के प्रदेश संयुक्त महासचिव राजा यादव ने जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। यादव का कहना है कि आलीवारा स्कूल के छात्रों ने जब अपनी समस्याओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से संपर्क किया, तो अधिकारी ने न केवल छात्रों के साथ अभद्र व्यवहार किया बल्कि उन्हें धमकाने की कोशिश भी की। राजा यादव ने इस घटना को निंदनीय बताते हुए कहा, जिला शिक्षा अधिकारी का यह कृत्य किसी भी सूरत में क्षमायोग्य नहीं है। इस अधिकारी का व्यवहार यह दर्शाता है कि वह शिक्षित नहीं बल्कि अशिक्षित हैं। अगर कोई छात्र अपनी समस्याओं को लेकर उनके पास जाता है, तो वे उसे धमकाकर अंदर कर देंगे। एनएसयूआई नेता ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि इस गैर-जिम्मेदार अधिकारी पर तत्काल कार्रवाई नहीं की जाती है, तो एनएसयूआई उग्र प्रदर्शन करेगी। यादव ने शासन से अपील की है कि ऐसे अधिकारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हो। एनएसयूआई की ओर से यह चेतावनी दी गई है कि यदि मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगा।



# छात्रा के रुदन ने सरकारी शिक्षा व्यवस्था की खोली पोल

## रुदन की घटना ने प्रदेश में मचाया हाहाकार, आलीवारा स्कूल से लौटकर दीपांकर खोब्रागढ़े



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सरकारी स्कूल मे सुविधाओं को लेकर सरकार कितना भी ढोल पीट पर आखिर उसे ढोल की पोल तब खुल जाती है जब कोई समस्याओं को लेकर अपनी आवाज प्रशासन तक पहुंचाने की जुगत में होता है। जिले मे शैक्षणिक व्यवस्था का क्या हाल है इस बात का अंदाजा बेहतर लगाए जा सकता है कि जिस स्कूल में 10 शिक्षक होना चाहिए वहां महज पांच शिक्षकों से कम चलाया जा रहा है कुछ संकाय तो ऐसे हैं जिसके शिक्षक आज तक उपलब्ध नहीं हुए हैं ऐसे में बच्चे आखिर कौन सी तालीम हासिल करेंगे इसकी परवाह न सरकार को है ना प्रशासन को। डोंगरगांव विधानसभा और डोंगरगढ ब्लॉक में आने वाला ग्राम आलीवारा का शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कल से समूचे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया है स्कूल में शिक्षकों की कमी को लेकर लगातार क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और प्राचार्य ने भी मांग की थी पर नतीजा सिफर रहा । छात्रों की परेशानी को देखते हुए जब अभिभावकों से रहा नहीं गया तो उन्होंने अपने बच्चों को लेकर बाकायदा जिला प्रशासन से मुलाकात कर ने के पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी को भी अपनी पीड़ा सुनाई पर पीड़ा सुनने के बजाय जिला शिक्षा अधिकारी ने जो बर्ताव किया उससे छात्राएं आहत हुई। आहत छात्रों के रोने की आवाज पूरे प्रदेश में वायरल होकर सरकारी स्कूलों के सुविधाओं को और उच्च अधिकारियों के व्यवहार की पोल खोल देती है। कमोबेश अनेकों सरकारी शैक्षणिक संस्थाएं शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है ऐसे में राष्ट्र के भविष्य को सुरक्षित करने संरक्षित करने और उज्जवल करने की बातें महज कपोल कल्पना है।

**स्कूल में है अनुशासन**

आलीवारा के स्कूल में जब रिपोर्टिंग के लिए पहुंच गया तो वहां का दृश्य अनुशासन से अनुशासित दिखा, शाला के प्रवेश द्वार पर छात्रों के रखे एक सीध मे जूतों से ही उस स्कूल के अनुशासन का दृश्य सामने दिखता है। वही कम संसाधनों में भी बच्चों की प्रतिभा देखते ही बनती है छत्तीसगढ़ राज गीत, राष्ट्रगान और सरस्वती वंदना से पढ़ाई की शुरुवात होती है। हर बच्चा बारी-बारी से महापुरुषों के संदेश का वाचन करता है। निश्चित रूप से इन छात्रों को अगर निर्धारित सुविधा भी मिल जाए तो प्रतिभाओं का उद्भव होने में समय नहीं लगेगा।

**अधिकार के लिए गए थे**

छात्रों से जब चर्चा की गई तो उन्होंने कल की घटना को लेकर बताने में संकोच किया पर यह कहां की अगर हमारे संकाय के शिक्षक रहते तो हमें क्यों अपने अभिभावकों के साथ शिक्षा अधिकारी या कलेक्टर के पास जाना होता और अपने अधिकार के लिए अगर हम आज नहीं कहेंगे तो कब कहेंगे यह बात भी कहीं ना कहीं छात्रों के जागरूकता और उनके



बौद्धिक विकास को रेखांकित करती है।

जिले की शैक्षणिक संस्थाओं कि समस्याओं को अगर सरकार और प्रशासन गंभीरता से सुनाने लगे तो निजी शिक्षण संस्थानों में लोग आखिर क्यों जाएंगे सबसे बड़ी बात है कि अगर सरकार की इच्छा शक्ति इस बात को लेकर मजबूत नहीं है की शैक्षणिक व्यवस्था सरकारी शैक्षिक संस्थानों में बेहतर की जा सके ऐसे में छात्रों से बेहतर भविष्य की कामना करना सिर्फ झूठी तसल्ली देना ही साबित होगा।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com